## सार-समाचार

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**सादुलपुर**, (निसं)। राजगढ़ में राजगढ हिसाार राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गुलपूरा पूलिया के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया, जिसमें सडक किनारे खडा एक व्यक्ति अपने साथी से बातचीत कर रहा था, उसी दौरान एक पिकअप वाहन ने सडक किनारे खडे दोनों व्यक्तियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजकुमार (50) जाति रैगर, निवासी वार्ड 27 हाल वार्ड 35, के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि इस सम्बंध में मृतक के पुत्र मनोज कुमार ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि मंगलवार सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच उसके पिता राजकुमार अपने खेत से वापस घर लौट रहा था। जब वह गुलपूरा रोड स्थित निर्माणाधीन पुल को पार करके राजगढ की ओर बढा, तो वहां उसे महेन्द्र मेघवाल, निवासी वार्ड 27, सडक किनारे खडा मिला। दोनों सही दिशा में रास्ते के किनारे खडे होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप चालक विकास पुत्र जयसिंह जाट निवासी बुंगी तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए वहां पहुंचा और दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महेन्द्र मेघवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित के पुत्र मनोज कुमार ने पिकअप चालक विकास पुत्र जयसिंह जाट निवासी बुंगी पर लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने और जान लेने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में अचानक आग लगी, सामान जला

**सादुलपुर** (निसं)। राजगढ में पिलानी रोड पुलिया के पास स्थित एक घर में मंगलवार सुबह-सुबह शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते घर में धुआँ भर गया और आग तेजी से फैलने लगी। घटना के समय घरवाले गहरी नींद में सो रहे थे, लेकिन पडोसी की सतर्कता और समय रहते दी गई सूचना ने बडा हादसा होने से टाल दिया। दोपहर॰2 बजे मिली जानकारी के अनुसार जैसे ही पडोसी ने घर से उठता घना धुआँ देखा, उन्होंने जोर-जोर से आवाज लगाकर परिवार के सदस्यों को जगाया। आंख खुलने पर परिवार ने देखा कि कमरों में धुआं ही धुआं फैल चुका था। सभी लोग तुरंत बाहर निकले, जिससे उनकी जान बच गई। आसपास के लोगों ने मिलकर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा काफी सामान, कपडे और अन्य जरूरी चीजें जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन घर का बडा नुकसान हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पडोसी समय पर न जागते, तो बडा नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना पर दमकल विभाग को भी देनी चाही मगर दमकल का नंबर ही नहीं लगा, लेकिन सतर्कता के चलते जनहानि नहीं हुई।

### अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

**पाटन** (निसं)। पाटनवाटी क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी का एक ताज़ा मामला एक दिसम्बर को सामने आया, जब पाटन तहसील के गांव बाबन्द की ढाणी निवासी जयप्रकाश यादव की मोटरसाइकिल अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयप्रकाश यादव अपनी होंडा सीडी 110 ड्रीम (नंबर- 35 7064, रंग- काला) मोटरसाइकिल को सुबह लगभग 9:00 बजे अस्पताल के अंदर पार्क कर ड्यूटी पर चले गए। दोपहर 3:00 बजे अस्पताल बंद होने पर जब वे घर जाने के लिए पार्किंग में पहुँचे, तो उन्होंने पाया कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद प्रार्थी ने तत्काल पुलिस थाना पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की गम्भीरता को देखते हुए अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए, लेकिन पाटन पुलिस ने मामला दर्ज करना भी उचित नहीं समझा। बड़ी विडंबना है कि चोरी गई बाइक की रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू करना था परन्तु पुलिस ने प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल कर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है।

### नीमकाथाना में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत हुआ

**सीकर** (निसं)। नीमकाथाना में एसएआर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने पर उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने बीएलओ संग जमकर डांस किया। बीएलओ ने उपखंड अधिकारी राजवीर यादव को कंधों पर उठाकर जमकर डांस किया। नीमकाथाना एसएआर का कार्य शत प्रतिशत करने वाला सीकर जिला में पहले नबर पर स्थान बनाया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख ने अधिकारियों का साफा और माला पहनाकर सम्मान किया। उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने सभी बीएलओ का आभार जताया और कहा जिस तरह सभी बीएलओ ने पूरी मेहनत से काम किया जिसकी बदौलत ही नीमकाथाना जिले में पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि पूरे राजस्थान में एस आई आर का काम 4 नवंबर से शुरू किया जिसकी अंतिम तारीख 4 दिसंबर थी लेकिन इसको बढ़ाकर 11 सितंबर कर दी गई। नीमकाथाना विधान सभा में बीएलओ 4 दिसंबर से घर-घर जाकर फॉर्म वितरित किया ओर उन फॉर्मों को भरवाकर उनको एकत्रित करके उनकों ऑनलाइन करने का काम भी किया गया। ऑनलाइन का पूरा काम कंप्लीट पूरा कर लिया गया, जिसमें इस कार्य में जिन्होंने भी सहयोग किया उसका आभार जताया। इस दौरान नायब तहसीलदार देवीलाल चौधरी नगरपालिका ईओ रंजीत चौधरी सहित अनेक अधिकारी ओर कर्मचारी मौजूद रहे।

### 'सिद्धमुख में नया बस स्टैंड बनेगा'

**सादुलपुर** (निसं)। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के सिद्धमुख कस्बे में तहसील कार्यालय के सामने नया रोडवेज बस स्टैंड बनने जा रहा है। कस्बे के भामाशाहों द्वारा भूमि आवंटित किए जाने के बाद लोकेशन से संबंधित नक्शा सहित सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। जल्द ही बस स्टैंड का निर्माण कार्य आरंभ होगा। मंगलवार दोपहर अढाई बजे मिली सूचना के अनुसार भाजपा प्रत्याशी सुमित्रा पूनिया ने बताया कि यह नया बस स्टैंड सिद्धमुख कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहतर परिवहन सुविधा, विकास और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने इसे क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग की बडी उपलब्धि बताया। सुमित्रा पूनिया ने सिद्धमुख के सभी भामाशाहों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सकारात्मक सोच और सहयोग से यह महत्वपूर्ण कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन से वह क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में निरंतर काम कर रही हैं। इस परियोजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी तथा उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का विशेष धन्यवाद जताया।

### न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया

**बीदासर** (निसं)। जोधपुर के कुडी भगतासनी थाने में अधिवक्ता भरतसिंह राठौड़ व अन्य सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ कुडी थानाधिकारी द्वारा अभद्र व्यवहार और मारपीट करने को लेकर बीदासर में अधिवक्ताओं ने रोष जताते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बार संघ अध्यक्ष अरविंद चौधरी के नेतृत्व में सिविल न्यायालय के बाहर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर बार संघ के पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल प्रजापत, रघुवीर भामूं, एडवोकेट मोहम्मद शाहिद सोलंकी, सज्जन चोटियां, परमानंद बिजारणियां, आरती डूंखवाल, आमीन शेख, ईरफान सोलंकी, अख्तर सोलंकी, वसीम कानूनीया, गोविंद जाखड़, रजत पाण्डेय, तिलोक पिलानिया सहित अनेक अधिवक्तागण मौजूद थे।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**बीदासर** (निसं)। पार्वती देवी राठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दरीबा में मंगलवार को सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ की ओर से कक्षा 1 से 5 तक के 20 नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मेघराज गोसाईंवाल, मुरलीधर, दीपचंद, जय सिंह, मनोज जाखड, बजरंगलाल, लक्ष्मण दर्जी, प्रतिमा सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# छात्रा को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पाटन** (निसं)। पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा संचालित वांछित आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत डाबला थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

पढ़ने जा रही छात्रा को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने और अश्लील हरकत करने वाले वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नूनावत द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना लोकेश मीणा तथा वृत्ताधिकारी सुशील मान के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी मनोज कुमार (पु.नि.) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह गिरफ्तारी की।

दीपक कुमार निवासी गांवली ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि उसकी चचेरी बहन दीपीका जिलोवा पढ़ाई के लिए नीमकाथाना जाती है। 6 अगस्त को वह जब नीमकाथाना से घर लौट रही थी, तभी गांवली स्टैंड पर योगेश मीणा पुत्र मगनीराम तथा सचिन मीणा पुत्र राकेश मीणा ने उसे रोककर जबरन एक पर्ची देकर मोबाइल नंबर देने की कोशिश की। इंकार करने पर आरोपियों ने हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। घटना 8 अगस्त को दर्ज हुई थी, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। डाबला पुलिस ने आरोपी की तलाश हेतु विशेष टीम गठित की। कॉल डिटेल, लोकेशन तथा तकनीकी आसूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी योगेश कुमार मीणा (26), निवासी गांवली, थाना डाबला को गिरफ्तार कर लिया। टीम में थानाधिकारी मनोज कुमार, हैड कांस्टेबल जगरूप सिंह, कांस्टेबल प्रदीप, राजेश कुमार शामिल रहे। पुलिस के अनुसार आरोपी योगेश मीणा पर पहले भी पाटन थाना व डाबला थाना में दो-दो प्रकरण दर्ज हैं। मामले का अनुसंधान जारी है।



**पाटन में छात्रा को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने और अश्लील हरकत करने वाले वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।**

### आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**झुंझुनूं**, (निसं)। सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय, झुंझुनूं में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की सेमेस्टर प्रणाली आधारित नवीन शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. प्रीतम सिंह ने छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विविध पाठ्यक्रमों, क्रेडिट सिस्टम, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली एवं समग्र शिक्षा के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए नए सत्र में बेहतर तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य पितराम गोदारा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अन्न की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# दो दिवसीय भजन संध्या और विशाल भंडारे की तैयारियां पूर्ण

- **सीतसर बालाजी धाम में धार्मिक उल्लास का माहौल**
- **भजन-कीर्तन के साथ होगा प्रसादी का वितरण**

**झुंझुनूं**, (निसं)। धार्मिक आस्था के पावन धाम सीतसर बालाजी मंदिर में हर माह की भांति इस माह भी शुक्ल पक्ष की तेरस एवं चौदस के अवसर पर दो दिवसीय भजन संध्या व विशाल भंडारे का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ होगा।

बुधवार एवं गुरुवार को आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों का संचालन मंदिर के महंत पुष्करलाल पारीक के सानिध्य में संपन्न होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पीएल शर्मा, सचिव सुरेश शर्मा एवं इंजीनियर रवि पारीक ने संयुक्त रूप से बताया कि कई वर्षों से निरंतर यह परंपरा जारी है। जिसमें भक्तजन बड़े हर्षोल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसाद में सहभागिता निभाते आ रहे हैं। इस बार भी भक्तों के लिए विशाल भंडारे की तैयारी की गई है। जिसमें आने वाले सभी श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिनमें मुख्य रूप से हरिराम बुडानिया, कैलाशचंद्र जांगिड, बंटी कुमार गोलवा, केशरदेव आचार्य गोलवा, निरंजन शर्मा भुकाना, कैलाश ठेकेदार नीमकाथाना, शिशपाल ठिमोली, विक्रम सिंह बोला, मदनलाल सीतसर, मंगेज चावला, अंकित शर्मा, मनोज कुमार बुगालिया, विकास पारीक, नीकू पारीक, चीकू पारीक, नरेश पारीक, हिमांशु पारीक, बहादुरमल सीतसर, रविंद्रसिंह कटारिया आदि सदस्य सक्रिय योगदान दे रहे हैं। दो दिवसीय इन धार्मिक आयोजनों को लेकर क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भजन-कीर्तन का आनंद लेने एवं प्रसाद का लाभ उठाने का आव्हान किया गया है।

# मंगला पशु बीमा योजना को लेकर शिविरों का आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। इस बार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं का बीमा करवाने के लिए पशुपालकों को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पिछली बार की कमियों को दुरूस्त करते हुए सरकार ने पशुपालकों को तुरंत ही बीमा सर्टिफिकेट देने का कार्यक्रम बना लिया है। जिसके बाद पशुपालकों में उत्साह है। दरअसल 21 नवंबर से प्रदेश में मंगला पशु बीमा योजना का दूसरा चरण शुरू किया गया है। जिसके तहत एक दिसंबर से झुंझुनूं जिले में राजस्व गांव और वार्डवार कैंपों का आयोजन किया गया है।

इसी क्रम में सोमवार को आबूसर गांव में कैंप का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शिवकुमार सैनी ने किया। संयुक्त निदेशक डॉ. शिवकुमार सैनी ने पशुपालकों के रजिस्ट्रेशन से लेकर उन्हें सर्टिफिकेट दिए जाने की पूरी प्रक्रिया की धरातली सच्चाई देखी और टीम को निर्देशित किया कि बिना कोई देरी के पशुपालकों के दुधारू पशुओं का बीमा किया जाए। डॉ. सैनी ने बताया कि पिछली बार पहले चरण में जिले में करीब 46 हजार से ज्यादा पशुओं का बीमा किया गया था। लेकिन कुछ ऐसे पशुओं का बीमा भी हो गया। जो दुधारू नहीं थे। इस योजना में सिर्फ दुधारू पशुओं का ही बीमा होना है। इस बार जिले को 50 हजार 100 पशुओं का लक्ष्य दिया गया है। जिनमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पशुओं का बीमा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार पशु का हेल्थ सर्टिफिकेट और सर्वे की टीम को एक साथ ही लगाया गया है। ताकि पशु का पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचकर जब हेल्थ सर्टिफिकेट जारी की। उसी वक्त सर्वे का काम कर रही कंपनी तुरंत सर्वे पूरा कर बीमा कंपनी को रिपोर्ट कर दे। सर्वे कंपनी की रिपोर्ट के तुरंत बाद ही सर्टिफिकेट जारी हो रहे है। इस बार पशुपालकों को बीमा सर्टिफिकेट के लिए कोई इंतजार नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि अप्रेल माह तक के कैंपों की शेड्यूलिंग की गई है।

# लाछड़सर राजकीय विद्यालय में भामाशाहों का सम्मान किया

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाछड़सर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों का सम्मान समारोह रखा गया प्रधानाचार्य राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इन भामाशाहों ने समय समय पर विद्यालय में भरपूर सहयोग किया है पिछले महीने में 69वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पूरे गांव के भामाशाहों के सहयोग से ही हुआ है। इस अवसर पर गाँव के ज्ञानाराम बिस्सू , जगदीश सहू सरपंच प्रतिनिधि, कानीराम पारीक , सत्यनारायण सारण, आसुराम बिस्सू, मनीराम बिस्सु, गोरधन बिस्सु, ज्ञानाराम बिस्सु, भंवर दस, उदादास स्वामी, श्याम बिस्सु, दुलाराम सऊ, सोहन राम जांगू, देदाराम बिस्सु, नौरंग शीला, भगवान शर्मा, पदमाराम भुआल, सुरजाराम बिस्सु, हेतराम सिहाग, पेमाराम बिस्सु, सीताराम जांगू और स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे प्रधानाचार्य व स्टाफ द्वारा सभी भामाशाहों को सम्मानित किया गया।




**कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत लाछड़सर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों का सम्मान समारोह रखा गया।**

# बालाजी अखाराम दादोजी मन्दिर जाने का रास्ता खुलवाने की मांग

**राजलदेसर** (निसं)। कस्बे के वरिष्ठ भाजपा नेता परमेश्वर लाल घोड़ेला ने हस्ताक्षर युक्त पत्र केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को पत्र लिखकर अवगत करवाया की राजलदेसर उतर में गांव भरपालसर और दक्षिण में गांव भावनदेसर पडता है। दोनों गाँव की आबादी ज्यादा है और दोनों गांव के किसानों के खेत रेल्वे लाइन के उतर व दक्षिण में पड़ते है। रेल लाइन के पास राजकीय विद्यालय है जिसमें किसानो के बच्चे पढ़ने आते है। साथ ही बालाजी मन्दिर संतोषी माता मन्दिर पास होने के कारण आवागमन होता रहता है। रेल्वे लाइन के पार इस रास्ते से आबडसर, छाजूसर, भरपालसर भावनदेसर, गोपालपुरिया के किसानों का आवागमन होता है। ब्रॉडगेज के कन्वर्जन के पहले मीटरगेज लाइन निची होने के कारण पिछले 100 सालों से जनता इस रेल लाइन को मजबूरी मे ट्रैक पार करती आ रही थी। ब्रॉडगेज की पटरियां ऊँची होने कि वजह से लोगो का आवागमन ही बन्द हो गया है। लोगो को अपने साधन ले जाने के लिए एवं आवागमन के लिए या तो पायली या राजलदेसर फाटक जाकर पार करना पड़ता है जो लोगो के लिए परेशानी का सबब है। इन गाँवों के किसान अपनी मजबुरी मे रेल्वे लाइन ट्रेक पार करते है जिससे आये दिन रेल गाड़ी की संख्यों ज्यादा होने की वजह से दुर्घटना संभावना बनी रहती है। ओर ट्रैक पार करने पर रेल्वे की ओर से मुकदमें होने की संभावना बनी रहती है। कस्बा राजलदेसर में रेल्वे विभाग द्वारा बाउंड्री (दीवार) बनाकर कस्बे के अन्दर आने वाले आम रास्तों व आवागमन के रास्तों पर भी रेल्वे द्वारा दिवार बनाकर बन्द किया जा रहा है जिस कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के लोगों की परेशानियों को व धार्मिक भावनाओं को देखते हुए रास्ता खुलवाए। पत्र पर मनोज, ओमप्रकाश, मदनलाल, गोपाल प्रजापत, सूरजमल शर्मा , नरपत सहित अन्य व्यक्तियों के हस्ताक्षर शामिल थे।

## सार-समाचार

### किसान जागृति यात्रा शुरू

**सुजानगढ़** (निसं)। भारतीय किसान संघ चूरू की ओर से मंगलवार को सुजानगढ़ के कानूता से किसान जागृति यात्रा के तहत भगवान बलराम रथ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। संघ के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना कर रथ को रवाना किया। संघ के तहसील अध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने बताया कि यह रथ पूरे चूरू जिले में घूम कर किसानों को जिले में नहर का पानी लाने, पानी बचाने, पेड़ों और प्रकृति का संरक्षण करने, नशामुक्ति और प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देगा। इसके बाद 8 मार्च को चूरू जिला मुख्यालय पर किसान शक्ति संगम होगा। रथ की शुरुआत पर कानूता के गुवाड़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रचारक शंकरलाल मौजूद थे। कार्यक्रम में जिले भर से आए संघ के पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि शंकरलाल ने अपने सम्बोधन में उत्तम खेती, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने, गोमूत्र के उपयोग, गौ आधारित खेती करने व पेड़ों के संरक्षण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कानपुरी महाराज, सुरजीत नाथ, ग्राम विकास प्रमुख सतीश कुमार, प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट, प्रांत मंत्री श्रीचंद सिद्ध, प्रांत महिला प्रमुख मनीता स्वामी, जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा, जिला मंत्री चुन्नीलाल प्रजापत, परत नाथ, शैतान गुर्जर, ईश्वर महला, अनिल भाकर, हरिराम सैनी, शार्दूल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटेंगे

**झुंझुनूं**, (निसं)। नगर परिषद झुंझुनूं ने शहर के मुख्य और व्यस्त मार्गों पर से रेहडी वालों और व्यवसायियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने का विस्तृत अभियान शुरू करने की घोषणा कर दी है। यह अभियान न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि हादसों की संभावना को भी कम करेगा। नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचलिया ने बताया कि मुख्य स्थानों पर रेहड़ी, ठेला और अन्य सामान रखकर रास्ते को बाधित करने से आम आदमी को भारी परेशानी होती है। यह स्थिति यातायात के लिए बाधा उत्पन्न करती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाती है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए राजस्व अधिकारी अंग्रीश कुमावत के नेतृत्व में अली हसन और अन्य सफाई निरीक्षकों की टीम ने अतिक्रमण वाले स्थानों का चिह्नांकन किया। मौके पर ही अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समझाया गया। अगर अतिक्रमणकारियों द्वारा स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो अभियान चलाकर नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा और उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के हवाई पट्टी सर्किल, रेलवे स्टेशन पीरूसिंह सर्किल, रोड नं. 1, 2, 3, कबाड़ी मार्केट, बाकरा रोड, गुढ़ा रोड, नया बस स्टैंड, पीपली चौक, मंडावा मोड़, नेहरू मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, रोडवेज बस डिपो आदि क्षेत्रों में अभियान चलाया जाएगा।

### पंच-गौरव कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**सीकर** (निसं)। पंच-गौरव कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मंगलवार को रतन कुमार स्वामी अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा बजट व्यय की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई। पंच गौरव में एक जिला एक पर्यटन स्थल में प्रमुख धार्मिक स्थल खाटूश्यामजी के लिए दर्शनार्थियों के लिए जगह-जगह साइनेजेज, बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इसी के साथ जिले में बास्केटबॉल खेल को बढावा देने के लिए नवीन बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण एवं जिमहॉल मय उपकरण के निर्माण के लिए कार्यकारी एजेंन्सी नगरपरिषद, सीकर को समय पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिसमें डॉ. अनिल कुमार शर्मा उपनिदेशक, सांख्यिकी विभाग, अनु शर्मा सहायक निदेशक पर्यटन विभाग, प्रकाश राम जिला खेल अधिकारी, सविता बाटड़ लेखाधिकारी, प्रवीण कुमार बगडिया, सहायक अभियन्ता, नगरपरिषद, सीकर, ओमप्रकाश, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका खाटूश्यामजी द्वारा पंच गौरव कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।

### झुंझुनूं में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद अटकी

**झुंझुनूं**, (निसं)। 24 नवंबर से शुरू हुई झुंझुनूं जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद पिछले दो दिनों से नहीं हो पा रही है। कारण है भंडारण की समस्या। जी, हां 24 नवंबर से शुरू हुई खरीद के मूंग और मूंगफली खरीदी जा रही है। लेकिन मूंग की आवक ज्यादा होने से झुंझुनूं के कृषि उपज मंडी में अब मूंग की खरीद बंद कर दी गई है। पहले से जिन किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। उनके मोबाइल पर सरकार की ओर से मैसेज भी आ गया। मैसेज के अनुसार मूंग बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों की मूंग खरीद ना होने से उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में किसानों ने कहा कि यदि मूंग खरीद नहीं की जा रही तो सरकार की ओर से मैसेज देना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया। अब वे गाड़ी में मूंग लेकर आ गए है। जिससे उनका गाडी और पलदारी का खर्चा लग गया। अभी भी यह तय नहीं कि मूंग खरीद कब होगी। इधर, इंचार्ज महेश कुमार ने बताया कि गोदाम अब तक अलॉट नहीं किया गया है। इसलिए जो अब तक मूंग खरीदा। उसे गोदाम में रखवाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जब तक गोदाम की व्यवस्था नहीं होगा। मूंग खरीद नहीं की जाएगी। मूंग की आवक अधिक होने के कारण यह समस्या सिर्फ मूंग खरीद पर हो रही है। मूंगफली खरीदी जा रही है।

### रामवीर सिंह राईका कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव बने

**रतनगढ़** (निसं)। पार्टी ने संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में अहम कदम उठाते हुए रामवीर सिंह राईका को राजस्थान कांग्रेस ओबीसी विभाग का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। राईका की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। पार्टी ने उनके संगठनात्मक कौशल, युवाओं में पकड़ और जमीनी जुडाव पर विश्वास जताया है। राईका इससे पहले छात्र संघ अध्यक्ष, नगर पालिका मनोनीत सदस्य, तथा विमुक्त-घुमंतु बोर्ड के पूर्व सदस्य सहित कांग्रेस संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हऍं। नियुक्ति पर उन्होंने एआईसीसी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिन्द, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, संगठन महासचिव ललित तूनवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

### चिकित्सा शिविर का आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजकीय बीडीके आयुर्वेद अस्पताल झुंझुनूं में गुदा मार्गिया रोगों का निदान और उपचार शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें कुल 87 मरीजों का उपचार किया गया और अर्श एवं विबंध के 42 मरीजों का रजिस्ट्रेशन 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक मलसीसर रोड पर एक निजी कॉलेज में आयोजित होने वाले अर्श भगंदर, फिशर विषयक क्षार सूत्र शिविर के लिए किया गया। उक्त शिविर में डॉ. महेश माटोलिया, डॉ. मोनिका शर्मा, वरिष्ठ नर्स मेहरबानी, कनिष्ठ नर्स कमलेश, परिचारिका पूनम बाई, सुनिल डोटासरा, योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा, डाबर प्रतिनिधि इनायत, एआईएमआईएल प्रतिनिधि भूपेंद्र, चरक प्रतिनिधि इसाक ने अपनी सेवाएं दी।


**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail : nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांकः–न.पा.बी / भूमि–शाखा / 2025–26 / 2804 दिनांक :– 28.11.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदकों ने आवासीय निर्माण स्वीकृति / नामान्तरण / उपविभाजन / कृषि भूमि से आवासीय पट्‌टा / 69–क पट्‌टा हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदनों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपति हो तो मय दस्तावेज के साथ 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर देवे समयावधि पश्चात कोई आपति मान्य नही होगीं।

**पत्रावलियों का विवरण**

| क्र. स | नाम | भूमि का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | आस–पास का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उतर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1. | श्री कानाराम पुत्र श्री भंवरलाल जाट व श्रीमती निर्मला देवी पत्नि श्री कानाराम जाति जाट निवासी वार्ड न. 34 कस्बा बीदासर । | 204.56 (69–क) | 81'.9" | 76'.0" | 27'.6" | 28'.8" |
| 2. | श्रीमती खातुन बानों सोलंकी पत्नि श्री मोहम्मद हनीफ सोलंकी जाति सिलावट निवासी वार्ड न. 12 कस्बा बीदासर। | 122.68 (निर्माण स्वीकृत) | 65'0" | 65'.0" | 23'.0" | 23'.0" |
| 3. | श्री अनिल प्रजापत पुत्र श्री फूलचंद जाति प्रजापत निवासी वार्ड न.09 कस्बा बीदासर। | 38.55 (निर्माण स्वीकृति) | 20'.00" | 20'.00" | 26'.0" | 26'.0" |
| 4. | श्रीमती मोहनी देवी पत्नि श्री ओमपकाश जाति प्रजापत निवासी वार्ड न.09 कस्बा बीदासर । | 76.66 (निर्माण स्वीकृति) | 45'.0" | 45'.0" | 12'.0" | 12'.0" |
| 5. | श्रीमती आचूकी देवी पत्नि श्री मनीराम जाति मेघवाल निवासी वार्ड न.33 कस्बा बीदासर । | 223.28 (कृषि नियमन) | 78'.00" | 77'.00" | 31'.0" | 31'.0" |
| 6 | श्री बीरबलराम पुत्र श्री खियाराम जाति जाट निवासी वार्ड न.04 कस्बा बीदासर | 1394.05 (विभाजन नामातरण) | 100'.0" | 100'.0" | 150'.0" | 150'.0" |

राज.संवाद / सी / 25 / 15022 अधिशाषी अधिकारी